O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - II (2023 – 2024)

Class -XI **MM:20**

Subject: HINDI **Time: 1 Hr**

Name: ______________ Roll No.:___________

General Instructions: All questions are compulsory

प्रश्न 1 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – **(1X4=4)**

जैसा यह अटल, अडिग, अविचल, वैसे ही हैं भारतवासी।

है अमर हिमालय धरती पर, तो भारतवासी अविनाशी।।

कोई क्या हमको ललकारे

हम कभी न हिंसाा से हारे

दुख देकर हमको क्या मारे

गंगा का जल जो भी पी ले , वह दुख में मुसकाता है।।

टकराते हैं इससे बादल , तो खुद पानी हो जाते हैं,

तूफान चले आते हैं तो, ठोकर खाकर सो जाते हैं।

जब–जब जनता को विपदा दी,

तब–तब निकले लाखों गांधी,

तलवारों–सी टूटी आँधी,

इसकी छाया में तूफान, चिरागों से शरमाता है।

गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।

(i) हिमालय के समान भारतवासियों को अटल, अडिग और अविचल कहा गया है क्योंकि –

अ हिमालय के समान भारतवासियों में भी स्थिरता नहीं है।

ब हिमालय के समान भारतवासी भी बहुत ऊँचे हैं।

स हिमालय के समान भारतवासियों में भी अपराजेयता है

द भारतवासियों में चंचलता पाई जाती है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प पर चुनिए –

कथन – (A) हमारे देश से हमेशा ही अनेक गांधी लोगों की रक्षा करने के लिए निकले।

कारण – (R) जब–जब शासन द्वारा जनता को दुख दिया गया।

अ कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

ब कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है

स कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या है।

द कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) 'कोई क्या हमको ललकारे , हम कभी न हिंसा से हारे' का आशय है –

अ भारतीय किसी के ललकारने से नहीं डरते, क्योंकि उन्हें कभी हिंसा से हराया नहीं जा सकता।

ब भारतीय किसी के सामने झुकते नहीं हैं।

स भारतीय हमेशा लोगों की सहायता करते हैं।

द भारतीय लोगों पर दया करते हैं।

(iv) पद्यांश के आधार पर बताइए कि हिमालय और भारतीयों के बीच कैसा संबंध है –

अ अटूट संबंध ब मधुर संबंध

स सुंदर संबंध द द्वेषतापूर्ण संबंध

प्रश्न 2 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1X2=2)

(i) अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के लिए जनता को क्या करना चाहिए ?

अ विरोध ब सहयोग

स कुछ नहीं द दूर चले जाना चाहिए

(ii) 'जामुन का पेड़' काटने का अंतिम आदेश किसने दिया ?

अ सुपरीटेंडेंट ने ब मंत्री ने

स सचिव ने द प्रधानमंत्री ने

प्रश्न 3 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X4=4)**

(i) देवर्षि नारद का वाद्य यंत्र था ?

अ सितार ब वीणा

स गिटार द इकतारा

(ii) टेलीफोन, इंटरनेट, फैक्स, समाचार–पत्र, रेडियो, टेलीविजन, सिनेमा आदि विभिन्न माध्यम है –

अ संचार के ब जनसंचार के

स संचार और जनसंचार के द इनमें से किसी के नहीं

(iii) समाचार संगठनों की समाचारों के चयन और प्रस्तुति की नीति को कहते हैं –

अ संपादकीय नीति ब समाचारीय नीति

स प्रबंधन नीति द पत्रकार नीति

(iv) सूचना प्रथमिकताएँ निर्धारित की जाती है ?

अ उपभोक्ताओं के अनुसार ब आर्थिक क्षमता के अनुसार

स राजनीतिक महत्व के अनुसार द साहित्यिक श्रेष्ठता के अनुसार

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3+2=5)**

क यदि आप माली की जगह होते, तो हुकूमत के फैसले का इंतजार करते या नहीं ? अगर हाँ तो क्यों ? और नहीं , तो क्यों ? 'जामुन का पेड़' पाठ के आधार पर लिखिए।

अथवा

सरकारी कार्यालयों में काम जटिल एवं उबाऊ लंबी प्रक्रिया वाले क्यों हो जाते हैं ?

ख कृषि–विभाग वालों ने मामले को हार्टीकल्चर विभाग को सौपने के पीछे क्या तर्क दिया ?

प्र05 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3+2=5)**

क दुष्यंत का इस गजल का मिजाज बदलाव के पक्ष में है। इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

अथवा

कवि उम्रभर के लिए पलायन क्यों करना चाहता है ? 'गजल' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख ' न हो कमीज़ तो पाँवों से पेट ढँक लेंगे' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

–––000–––